निर्देश : खाली जगहों को भरिए । **(Weightage 1×1=1)**

21. अ) सूरदास ____________ कवि है ।
(रामभक्त, कृष्णभक्त, निर्गुण भक्त, शैव भक्त)

आ) विनय पत्रिका किसकी रचना है ?
(कबीर, सूर, तुलसी, बिहारी)

इ) दिनकर की कविता कौन सी है ?
(ठण्डा लोहा, हिमालय के प्रति, जागो फिर एक बार, औरतें)

ई) 'एक रात की ज़िन्दगी' किसकी रचना है ?
(लीलाधर जगूडी, दिनकर, निराला, पंत)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए । **(Weightage 2×1=2)**

22. अ) 'कलाधर' किसका उपनाम है ?

आ) दिनकर का पूरा नाम क्या है ?

इ) तुलसी काव्य का मुख्य रस कौन-सा है ?

ई) सरोज स्मृति किसका विरह काव्य है ?

23. अ) सीता के पुत्रों का नाम क्या-क्या है ?

आ) किन-किन कड़ियों के जुड़ जाने से भूमिजा का आख्यान पूर्ण होता है ?

इ) भूमिजा में वर्णित भयानक राक्षसी का नाम क्या है ?

ई) 'बलचनमा' किसका उपन्यास है ?

निर्देश : निम्नलिखित काव्य खंड पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **(Weightage 1×1=1)**

24. ''बनो संसृति के मूल रहस्य
तुम्हीं से फैलेगी वह बेल''

अ) यह काव्यांश किस रचना से लिया गया है ?

आ) प्रस्तुत कथन किसका है ?

इ) श्रोता कौन है ?

ई) इसका अर्थ क्या है ?

____

Reg. No. : ....

Name : ....

III Semester B.A. Degree (CCSS – Reg./Supple./Imp.) Examination, November 2014
CORE COURSE IN HINDI
B305 HIN : Trends in Hindi Poetry

Time: 3 Hours Max. Weightage : 30

निर्देश : किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(Weightage 1×2=2)**

1. चरण-कमल बंदौ हरि राई,
जाकि कृपा पंगु गिरि लंघै,
अंधे को सब कुछ दरसाई ।
बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै,
रंक चलै सिर छत्र धराई ।
'सूरदास' स्वामी करुणामय, बार-बार
बन्दौं तेहि पाई ।।

2. रहिमन वे नर मर चुके,
जे कहुँ माँगन जाहिं ।
उनते पहिले वे मुए,
जिन मुख निकसत माहिं ।

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(Weightage 2×2=4)**

3. प्रथम रश्मि का आना रगिणि,
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ-कहाँ हे बाल-विहंगिनि
पाया यह स्वर्गिक गाना ।

4. ओ मेरी आत्मा की संगिनी,
तुम्हें समर्पित साँस-साँस थी लेकिन
मेरी साँसो में यम के तीखे तेजे-सा
कौन अड़ा है ?

5. रे रोक युधिष्ठिर को न यहाँ,
जाने दे उसको स्वर्ग धीर,
पर, फिरा हमें गाण्डीव-गदा
लौटा दे अर्जुन-भीम वीर ।

6. एक औरत नाक से बहता खून पोंछती हुई बोलती है
कसम खाती हूँ, मेरे अतीत में कहीं नहीं था प्यार
वहाँ था एक पवित्र, शताब्दियों लंबा, आग जैसा धधकता सन्नाटा
जिसमें सिंक रही थी सिर्फ आपकी खातिर मेरी देह ।

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(Weightage 2×2=4)**

7. नखत की आशा किरण समान,
हृदय के कोमल कवि की कांत
कल्पना की लघु लहरी दिव्य
कर रही मानस हलचल शांत ।

8. भरा था मन में नव उत्साह
सीख लूँ ललित कला का ज्ञान
इधर रह गंधर्वों के देश
पिता की हूँ प्यारी संतान ।

9. कहा आगंतुक ने सस्नेह:
''अरे तुम इतने हुए अधीर ।
हार बैठे जीवन का दाँव,
जीतते मर कर जिसको वीर ।

10. दया, माया, ममता लो आज,
मधुरिमा लो, अगाध विश्वास
हमारा हृदय रत्न निधि स्वच्छ
तुम्हारे लिए खुला है पास ।

निर्देश : किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(Weightage 2×2=4)**

11. धीरे-धीरे बचकर चलना, वत्स ! बिछे पड़े हैं खुर-कंटक सब ओर पशुओं के खुर, चरवाहों के पैर, छोड़ गए है अपनी-अपनी छाप ।

12. तरुण तपस्वी का, प्रिय दर्शन रूप सचमुच क्या ऐसा होता है ओह ! लगी सोचने त्रिजटा बारंबार ऐसा ही मुख, यही साँवला रूप ।

13. ऋतुओं का स्थापित होगा फिर राज्य कहीं नहीं पीखेंगे पर्ण कुटीर सूझ-समन्वित श्रम का कोई चिह्न शेष न होगा/होगा प्राकृत दृश्य ।

14. नर-नारी में मर्यादा के बोध सम-सम होंगे । सम-सम होगा न्याय सम-सम होंगे विद्या-बुद्धि-विवेक टिक सकता है क्योंकर वहाँ प्रवाद जाग्रत होगी जहाँ परख की आँच ।

निर्देश : किसी **एक** कविता की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए । **(Weightage 1×4=4)**

15. जागो फिर एक बार ।

16. एक रात की ज़िन्दगी ।

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर दीजिए । **(Weightage 1×4=4)**

17. भूमिजा की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

18. भूमिजा के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए ।

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न का विस्तृत उत्तर लिखिए । **(Weightage 1×4=4)**

19. श्रद्धा और मनु के बीच का संवाद लिखिए ।

20. कामायनी में श्रद्धा को किस रूप में चित्रित किया है । स्पष्ट कीजिए ।